This Question Paper consists of **43** questions and **9** printed pages.
इस प्रश्न-पत्र में **43** प्रश्न तथा **9** मुद्रित पृष्ठ हैं।

| **Roll No.** **अनुक्रमांक** | | | | | | | | | | | | | **Code No. 71/SS/321** **कोड नं.** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|

**SET/सेट- A1**

# HOME SCIENCE (THEORY)
# गृह-विज्ञान (सिद्धान्त)
# (321)

**Day and Date of Examination**
**(परीक्षा का दिन व दिनांक)** ____________________

**Signature of Invigilators :**
**(निरीक्षकों के हस्ताक्षर)**
1. ____________________
2. ____________________

**General Instructions :**

1. Candidate must write his/her Roll Number on the first page of the Question Paper.
2. Please check the Question Paper to verify that the total pages and total number of questions contained in the Question Paper are the same as those printed on the top of the first page. Also check to see that the questions are in sequential order.
3. Making any identification mark in the Answer-Book or writing Roll Number anywhere other than the specified places will lead to disqualification of the candidate.
4. Write your Question Paper Code No. **71/SS/321**, **Set -** **A1** on the Answer-Book.
5. (a) The Question Paper is in English/Hindi medium only. However, if you wish, you can answer in any one of the languages listed below :

   English, Hindi, Urdu, Punjabi, Bengali, Tamil, Malayalam, Kannada, Telugu, Marathi, Oriya, Gujarati, Konkani, Manipuri, Assamese, Nepali, Kashmiri, Sanskrit and Sindhi.

   You are required to indicate the language you have chosen to answer in the box provided in the Answer-Book.

   (b) If you choose to write the answer in the language other than Hindi and English, the responsibility for any errors/mistakes in understanding the question will be yours only.

**सामान्य अनुदेश :**

1. परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।
2. कृपया प्रश्न-पत्र को जाँच लें कि प्रश्न-पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है। इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।
3. उत्तर-पुस्तिका में पहचान-चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जायेगा।
4. अपनी उत्तर-पुस्तिका पर प्रश्न-पत्र का कोड नं **71/SS/321**, **सेट** - **A1** लिखें।
5. (क) प्रश्नपत्र केवल हिंदी/अंग्रेजी माध्यम में है। फिर भी, यदि आप चाहें तो नीचे दी गई किसी एक भाषा में उत्तर दे सकते हैं: :

   अंग्रेजी, हिंदी, उर्दू, पंजाबी, बाँगला, तमिल, मलयालम, कन्नड़, तेलुगु, मराठी, उड़िया, गुजराती, कोंकणी, मणिपुरी, असमिया, नेपाली, कश्मीरी, संस्कृत और सिंधी।

   कृपया उत्तर-पुस्तिका में दिए गए बॉक्स में लिखें कि आप किस भाषा में उत्तर लिख रहे हैं।

   (ख) यदि आप हिंदी एवं अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में उत्तर लिखते हैं तो प्रश्न को समझने में होने वाली त्रुटियों / गलतियों की जिम्मेदारी केवल आपकी होगी।

# गृह- विज्ञान (सिद्धान्त)
# (321)

**समय : 3 घण्टे ]** **[ पूर्णांक : 80**

**निर्देश :** (i) इस प्रश्न-पत्र में कुल **43** प्रश्न हैं।

(ii) **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के सामने अंक दिये गये हैं।

(iv) सभी खण्डों में दिए गए, **वैकल्पिक मॉड्यूल A** गृह व्यवस्था (Housekeeping) अथवा **वैकल्पिक मॉड्यूल B** रचनात्मक हाथ की कढ़ाई (Creative Hand Embroidery) इनमें से या तो **वैकल्पिक मॉड्यूल A** अथवा **वैकल्पिक मॉड्यूल B** किसी एक का उत्तर दीजिए।

(v) **खण्ड - A में शामिल हैं :**

(a) प्रश्न संख्या **1** से **16** - प्रत्येक **1** अंक वाले बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में दिए गए चार विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प को चुनिए और लिखिए।

(b) प्रश्न संख्या **17** से **28** - वस्तुनिष्ठ प्रकार के **2** अंक वाले प्रश्न हैं। इन पश्नों का उत्तर प्रत्येक प्रश्न में दिए गए निर्देश के अनुसार दीजिए।

(vi) **खण्ड - B में शामिल हैं :**

(a) प्रश्न संख्या **29** से **37** - प्रत्येक **2** अंक वाले अति लघु उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक उत्तर की शब्द सीमा **30-50** शब्द हैं।

(b) प्रश्न संख्या **38** से **41** - प्रत्येक **3** अंक वाले लघु उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक उत्तर की शब्द सीमा **50-80** शब्द हैं।

(c) पश्न संख्या **42** से **43** - प्रत्येक **5** अंक वाले दीर्घ उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक उत्तर की शब्द सीमा **80-120** शब्द हैं।

(d) खण्ड **B** में, कुछ प्रश्नों में आंतरिक चयन की सुविधा दी गयी है। इस प्रकार के प्रश्नों में से किसी केवल एक प्रश्न का उत्तर देना है।

**निर्देश :**

(1) सभी प्रश्नों के उत्तर आपको दी गयी उत्तर पुस्तिका में ही लिखें।

(2) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण दोपहर में 02.15 बजे किया जाएगा। 02.15 बजे से 02.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

## खण्ड – A

**निर्देश**: प्रश्न संख्या **1** से **16** प्रत्येक **1** अंक के बहुविकल्पीय प्रश्न हैं।

**1.** पके हुए खाने को कुछ समय तक सुरक्षित रखने के लिए नीचे दिए गए विकल्पों में से एक उपकरण सुझाइए । **1**

(A) रेफ्रिजरेटर (B) ग्रामीण शीतल

(C) आइस- बॉक्स (D) फ्रीज़र

**2.** निम्नलिखित में से कौन से खाद्य संरक्षण के सिद्धांत हैं ? **1**

(i) सूक्ष्मजीवों को मारकर

(ii) खाना ढककर रखने से

(iii) एंजाइमों की क्रिया को रोककर

(iv) नमी की मात्रा बढ़ाकर

सही विकल्प चुनें :

(A) (i) और (ii) (B) (ii) और (iv) (C) (i) और (iii) (D) (iii) और (iv)

**3.** नीचे दिए गए विकल्पों में से उस स्वास्थ्य स्थिति का चयन कीजिए जो पोषक तत्वों के सेवन और उपयोग से प्रभावित होती है : **1**

(A) कुपोषण (B) पोषण स्थिति

(C) संतुलित पोषण (D) अतिपोषण

**4.** निम्नलिखित में से कौन से परिवार की आय और व्यय का हिसाब रखने का लाभ हैं ? (कोई दो चुनें) **1**

(i) इससे यह समझने में मदद मिलती है कि कितना और किस पर खर्च हुआ है।

(ii) यह हमें अपनी इच्छानुसार किसी भी चीज़ पर खर्च करने की अनुमति देता है।

(iii) यह विभिन्न महिनों के व्यय की तुलना करने की अनुमति देता है।

(iv) यह मासिक आय में वृद्धि की गारंटी देता है।

(A) (i) और (ii) (B) (ii) और (iv) (C) (i) और (iii) (D) (iii) और (iv)

**5.** किशोर अक्सर बात करने, कपड़े पहनने और व्यवहार करने की अपनी अनोखी शैली के साथ अपने समूह बनाते हैं, जो वयस्कों को अजीब लग सकता है। इस घटना को सामान्यतः क्या कहा जाता है ? **1**

(A) पीढ़ी अंतराल (B) सहकर्मी समूह संस्कृति

(C) सामाजिक विद्रोह (D) पहचान संकट

**6.** कम इस्तेमाल होने वाली वस्तुओं को ऊँचे शेल्फ जैसी कम पहुँच वाली जगह पर रखने को क्या कहते हैं ? **1**

(A) फंक्शनल स्टोरेज (B) डेड स्टोरेज

(C) सीक्वेंशियल स्टोरेज (D) बिल्ट-इन स्टोरेज

**7.** जब बच्चे मध्य बाल्यावस्था तक पहुँचते हैं, तो उनके स्थायी दांतों की संख्या आमतौर पर होती है : **1**

(A) 20 (B) 24 (C) 28 (D) 32

8. निम्नलिखित में से कौन सा संतुलित आहार की एक विशेषता है ? **1**

(A) इसमें पौधे और जंतु दोनों से प्राप्त खाद्य शामिल होते हैं

(B) इसमें केवल महँगे खाद्य पदार्थ होते हैं

(C) इसमें दो खाद्य समूहों का उपयोग होता है

(D) इसमें मौसमी तथा गैर-मौसमी खाद्य पदार्थों को शामिल किया जाता है

9. एक 10 वर्षी बच्चे को एक ही आकार लेकिन अलग - अलग आकृतियों के दो गिलास दिए जाते हैं – एक लंबा और पतला, दूसरा छोटा और चौड़ा – दोनों में एक ही मात्रा में जूस भरा हुआ है । बच्चा आत्मविश्वास से कहता है कि दोनों में जूस की मात्रा बराबर है । यह दर्शाता है कि बच्चे ने विकसित कर लिया है : **1**

(A) सहानुभूति (B) अनुक्रमण (C) संरक्षण (D) अहंकारिता

10. एक 2-वर्षीय बच्चे में ये लक्षण दिखाई देते हैं : बहुत ढीली और झुर्रीदार त्वचा, और सिकुड़ा हुआ पेट। निम्नलिखित में से कौन-सा रोग इन लक्षणों को दर्शाता है ? **1**

(A) क्वाशियोरकर (B) मरास्मस (C) एनीमिया (D) घेंघा

11. निम्नलिखित में से कौन-सा फाइबर गीला होने पर कमजोर हो जाता है ? **1**

(A) कॉटन (B) नायलॉन (C) सिल्क (D) पॉलिएस्टर

12. निम्नलिखित में से कौन-सा एचआईवी संक्रमण के बारे में एक सामान्य मिथक है ? **1**

(A) संक्रमित व्यक्ति के साथ सुई साझा करना

(B) संक्रमित रक्त का आधान

(C) संक्रमित व्यक्ति को चूमना या गले लगाना

(D) संक्रमित साथी के साथ असुरक्षित यौन संबंध

13. कपड़ों को धोने से पहले छाँटने का एक मुख्य कारण कौन सा है ? **1**

(A) समय बचाने के लिए

(B) रंग उड़ने और कपड़े को नुकसान से बचाने के लिए

(C) कम डिटर्जेंट इस्तेमाल करने के लिए

(D) इस्त्री करना आसान बनाने के लिए

**वैकल्पिक मॉड्यूल - A (प्रश्न : 14, 15, 16)**

**(गृह व्यवस्था)**

14. फ्लशिंग सिस्टर्न में बॉल वाल्व के पानी के स्तर के साथ न उठने का मुख्य कारण क्या है ? **1**

(A) इनलेट वाल्व जाम हो गया है (B) बॉल में जंग लग गई है या छिद्र हो गया है।

(C) वाशर को बदलने की आवश्यकता है (D) पानी का दबाव बहुत कम है

15. शुरुआती लोगों के लिए फूलों की सजावट में पिन होल्डर की तुलना में 'ओएसिस' का उपयोग करने का मुख्य लाभ क्या है ? **1**

(A) यह अधिक सजावटी और रंगीन होता है

(B) इसमें फूलों को संभालना और संतुलित करना आसान होता है

(C) यह सस्ता होता है और हर जगह आसानी से उपलब्ध होता है

(D) इसे फूलों को ताजा रखने के लिए पानी की आवश्यकता नहीं होती

**16.** एक घर की नियमित सफाई सुनिश्चित करने का प्राथमिक कारण क्या है ? **1**

(A) घर को सुंदर बनाने के लिए

(B) इसे कीड़ों और बीमारियों के प्रजनन स्थल बनने से रोकने के लिए

(C) फर्निचर को बार-बार व्यवस्थित करने के लिए ताकि एक नया रूप मिले

(D) मेहमानों के लिए इसे आकर्षक बनाने के लिए

**वैकल्पिक मॉड्यूल - B (प्रश्न : 14, 15, 16)**

**(रचनात्मक हाथ की कढ़ाई)**

**14.** निम्नलिखित में से कौन-सा डिज़ाइन प्रकार छोटे बच्चों के कपड़ों के लिए सबसे उपयुक्त हैं ? **1**

(A) अमूर्त डिज़ाइन (B) प्राकृतिक डिज़ाइन

(C) ज्यामितीय डिज़ाइन (D) स्टाइलाइज्ड डिज़ाइन

**15.** निम्नलिखित में से कौन सी रंग की विशेषता है जो उसके हल्केपन या गहरेपन को संदर्भित करती है ? **1**

(A) ह्यू (रंग का नाम) (B) वैल्यू (मान) (C) इंटेंसिटी (तीव्रता) (D) टेक्सचर (बनावट)


**16.** कौन सी स्टिच ऊपर से नीचे की ओर की जाती है और कपड़े की सतह पर लूप बनाती है ? **1**

(A) साटिन स्टिच (B) क्रॉस स्टिच

(C) चेन स्टिच (D) हेरिंगबोन स्टिच

**निर्देश** : प्रश्न संख्या **17** से **28** तक **2** अंकों के वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न हैं।

**17.** नीचे दिए गए फ्लोचार्ट को देखें जो एक सामान्य संरक्षण विधि के चरणों को दर्शाता है। विधि की पहचान करें और अंतिम चरण में तेल के उपयोग के **दो** मुख्य उद्देश्य लिखें। **2**




**18.** नीचे दी गई प्रत्येक गतिविधि को पहचानें कि यह मुद्रा आय(MI), वास्तविक आय(RI), आवश्यकता(N) या इच्छा(D) का प्रतिनिधित्व करती है : **2**

(i) कंपनी से मुफ्त पेट्रोल भत्ता प्राप्त करना

(ii) एक नया वीडियो गेम खरीदना

(iii) सावधि जमा से प्राप्त ब्याज

(iv) बीमारी के दौरान दवाइयाँ खरीदना

19. एक सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता के रूप में, आप एक युवा दंपति को सुरक्षित मातृत्व के बारे में सलाह देते हैं। नीचे दिए गए विकल्पों में से दो सिफारिशें चुनें और प्रत्येक का एक वाक्य में कारण दें : **2**

(i) 18 वर्ष से पहले और 35 वर्ष के बाद गर्भधारण से बचें।

(ii) जल्दी अधिक बच्चे पाने के लिए बार-बार गर्भधारण की योजना बनाएँ ।

(iii) दो गर्भधारण के बीच दो साल से अधिक का अंतर रखें।

(iv) गर्भावस्था के दौरान चिकित्सकीय जाँच आवश्यक नहीं है।

सलाह

कारण

20. निम्नलिखित अनुच्छेद पढ़ें और फिर प्रश्न का उत्तर दें : **2**

प्रिया हमेशा अस्पताल में अपनी शिफ्ट के लिए समय पर पहुँचती है। वह हमेशा विनम्र रहती है और मरिजों के लिए बनाई गई सभी सुरक्षा प्रक्रियाओं का ध्यानपूर्वक पालन करती है और उनकी जानकारी कभी भी बाहर वालों के साथ चर्चा नहीं करती।

प्रिया कौन-से चार नैतिक मूल्यों का पालन कर रही है ?

21. इन दोनों बच्चों को देखें और उनकी सज्ञांनात्मक क्षमता का निरीक्षण करें। **2**

(i) एक चार साल के बच्चे को दस-दस सिक्कों की दो पंक्तियाँ दिखाई जाती हैं। एक पंक्ति लंबी है (सिक्के दूर-दूर), दूसरी छोटी है (सिक्के पास-पास)। बच्चा कहता है कि लंबी पंक्ति में ज़्यादा सिक्के हैं।

(ii) एक दस साल के बच्चे से कहा जाता है : "बहन A, B से लंबी है, और B, C से लंबी है। क्या A, C से लंबी है या छोटी ?" बच्चा कहता है, "A,C से लंबी है।"

हर एक बच्चे द्वारा दिखाई गई संज्ञानात्मक क्षमता का विश्लेषण करें।

22. ताना और बाना धागों को दर्शाने के लिए एक चित्र बनाएँ। **2**

23. नीचे दिए गए शब्दों के सेट के लिए एक शब्द बताएँ : **2**

(i) कोई व्यक्ति जो बहुत अधिक ऊर्जा-युक्त भोजन खाता है और मोटा हो जाता है, वह ___________ से पीड़ित है।

(ii) वह स्थिति जहाँ शरीर में एक या अधिक आवश्यक पोषक तत्वों की कमी होती है, ___________ कहलाती है।

24. कथनों के सामने सत्य या असत्य लिखें। **2**

(i) बायोगैस उत्पादन के बाद बचा कीचड़ एक बेकार उत्पाद है जिसका कोई उपयोग नहीं है।

(ii) हल्कें रंग की दीवारों का उपयोग करने से कमरे में प्रकाश की आवश्यकता 40% तक कम हो सकती है।

(iii) सोलर कुकर का एक प्रमुख लाभ यह है कि खाना पकाते समय इस पर लगातार ध्यान देने की आवश्यकता होती है।

(iv) गलत गियर में ट्रैक्टर चलाने से कार्य कुशलता 50% कम हो सकती है।

25. आप अपने लॉन्ड्री रूम में A, B, C और D लेबल वाले चार लॉन्ड्री पाउडर पाते हैं, उनके संबंधित कार्यों के साथ : **2**

- पाउडर A : सफेद कपड़ों को धूप में सुखाने पर अधिक चमकदार बनाता है।
- पाउडर B : अंतिम रिंस के ठीक पहले मिलाने पर पीलेपन को दूर करता है।
- पाउडर C : रेशम और सूती दोनों प्रकार के कपड़ों से दाग सुरक्षित रूप से हटाता है।
- पाउडर D : सूती कपड़ों को कुरकुरा, सख्त फिनिश देता है और उन्हें गंदगी से बचाने में मदद करता है।

  इन पाउडर्स की पहचान करें।

26. निम्नलिखित तालिका को प्रत्येक उपयोग के लिए उपयुक्त कपड़ा चुनकर पूरा करें और अपने चयन का एक कारण दें : **2**

| उपयोग | कपड़ा (चुनें: कॉटन, नायलॉन, ऊन, सिल्क) | चयन का कारण |
|---|---|---|
| गर्मियों के कपड़े | | |
| सर्दियों का स्वेटर | | |

27. चार ऐसी निवेश योजनाओं का उल्लेख कीजिए जो तरलता प्रदान करती हैं। **2**

**वैकल्पिक मॉड्यूल - A (प्रश्न : 28)**
**(गृह व्यवस्था)**

28. प्रिया अपने डाइनिंग टेबल के लिए एक फूलदान में फूल सजा रही है। उसने ताजे फूल, हरी पत्तियाँ और एक पिन होल्डर इकट्ठा किया है। नीचे दिए गए कदम उसने अपनाए हैं, लेकिन दो कदम गायब हैं। उसकी सुंदर फूल सजावट बनाने में मदद करने के लिए गायब कदमों को पूरा करें : **2**

(i) पिन होल्डर को कंटेनर में लगाएँ और पानी डालें जब तक कि यह पिन होल्डर को ढक न ले।

(ii) फूलों की सजावट का आकार तय करें (जैसे, त्रिकोण, अंडाकार, आदि)।

(iii) गायब कदम 1 : ________________________________

(iv) फूलों के तनों को अलग-अलग लम्बाई में काटें, जिसमें सबसे लंबी शाखा फूलदान की चौड़ाई से 1½ गुना लंबी हो।

(v) गायब कदम 2 : ________________________________

(vi) उचित आकार की पत्तियों से खाली जगह को भरें।

**वैकल्पिक मॉड्यूल - B (प्रश्न : 28)**
**(रचनात्मक हाथ की कढ़ाई)**

28. नीचे दिए गए विवरणों को पढ़ें : **2**

(i) एक भरने वाली स्टिच जहाँ धागा केवल कपड़े के सामने की सतह पर दिखाई देता है, जिसमें केवल सामने की तरफ फ्लोट बनते हैं।

(ii) दो रेखाओं के बीच काम की जाने वाली एक स्टिच जिसमें इंटरलॉकिंग तिरछे धागे होते हैं, जिसे अक्सर मोटी सीम या क्षेत्रों को जोड़ने के लिए उपयोग किया जाता है।

कौन सी दो स्टिच इन विवरणों से मेल खाती हैं ?

(a) डार्निंग स्टिच
(b) हेरिंगबोन स्टिच
(c) ब्लैंकेट स्टिच
(d) लॉंग एंड शार्ट स्टिच

**खण्ड – B**

**निर्देश** : प्रश्न संख्या 29 से 43 **विषयनिष्ठ प्रकार के प्रश्न हैं ।** इनमें से कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिया गया है। ऐसे प्रश्नों में आपको केवल एक विकल्प का उत्तर देना है।

29. (i) 'नैतिकता' शब्द किससे संबंधित है ? **2**

**अथवा**

(ii) सामान्य नैतिकता के कोई दो उदाहरण बताइए।

30. (i) पाँच मुख्य खाद्य समूहों की सूची बनाएँ। 2

**अथवा**

(ii) उपचारात्मक आहार क्या है ?

31. आपकी माँ बाज़ार से ताज़ी, कोमल मटर की बड़ी मात्रा लाई हैं। उन्हें सही तरीके से फ्रीज करने का सुझाव दें ताकि बाद में उपयोग किया जा सके। 2

32. (i) एक सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता को एक गाँव में कई बच्चे रतौंधी और आँखों के सफेद भाग के सूखने से पीड़ित मिलते हैं। कौन सी पोषक कमी संकेतित होती है और इस समुदाय में किन खाद्य पदार्थों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए ? 2

**अथवा**

(ii) एक 10 वर्षीय लड़की अक्सर थकान की शिकायत करती है और पीली दिखती है। उसकी शिक्षिका ने देखा कि शारीरिक गतिविधियों के दौरान उसकी सांस फूलने लगती है। बताएँ कि संभवतः वह किस पोषक तत्व की कमी से पीड़ित है और उसके आहार में शामिल करने के लिए दो खाद्य पदार्थों के नाम लिखें।

33. आपकी सहेली ने अपनी सफेद सूती कुर्ती पर ताजा करी गिरा दी है। दाग हटाने के लिए उसे तुरंत क्या दो कदम उठाने चाहिए ? 2

34. रमेश अपने घर के बगीचे की सूखी पत्तियों और रसोई के कचरे का निपटान पर्यावरण-अनुकूल तरीके से करना चाहता है। उसे कौन सी पद्धति अपनानी चाहिए और इसका एक लाभ क्या है ? 2

35. प्रिया अपनी गर्भावस्था के दूसरे तिमाही में है। परिवार के भोजन को उसकी बढ़ी हुई पोषण संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आप किन दो तरीकों से संशोधित करेंगे ? 2

## वैकल्पिक मॉड्यूल - A (प्रश्न : 36, 37)
## (गृह व्यवस्था)

36. पोंछा लगाने के लिए बहुत गीले की बजाय नम कपड़े का उपयोग करने की सलाह क्यों दी जाती है ? 2

37. घर में चीज़ों को व्यवस्थित तरीके से रखना क्यों महत्वपूर्ण है ? समझाइए। 2

## वैकल्पिक मॉड्यूल - B (प्रश्न : 36, 37)
## (रचनात्मक हाथ की कढ़ाई)

36. डिज़ाइन को बड़ा या छोटा करने का मुख्य उद्देश्य क्या है ? 2

37. कड़ाई के काम की शुरुआत में गाँठ लगाने से बचने की सलाह क्यों दी जाती है ? इसके बजाय शुरुआत करने का सही तरीका क्या है ? 2

38. (i) बच्चों में किन्हीं दो प्रमुख शारीरिक अक्षमताओं और प्रत्येक द्वारा सामना की जाने वाली एक समस्या की व्याख्या कीजिए। 3

**अथवा**

(ii) शिक्षा एक लड़की को भविष्य में बेहतर माँ बनने में कैसे मदद करती है ? समझाइए।

39. (i) समझाएँ कि लेस कैसे बनाए जाते हैं ? **3**

**अथवा**

(ii) 'कोर्सेस' और 'वेल्स' क्या है ? वे किस प्रकार के कपड़ों में उपयोग किए जाते हैं ?

40. तैयार कपड़े खरीदते समय सीम और फास्टनरों में आप क्या जाँच करेंगे ? **3**

## वैकल्पिक मॉड्यूल - A (प्रश्न : 41)

## (गृह व्यवस्था)

41. नारियल के रेशे से बने फर्श आवरण को साफ करने के चरणों को समझाइए, जिसमें रखरखाव और सावधानियाँ शामिल हों। **3**

## वैकल्पिक मॉड्यूल - B (प्रश्न : 41)

## (रचनात्मक हाथ की कढ़ाई)

41. धात्विक रंग क्या होते हैं ? भारतीय कढ़ाई में प्रयुक्त होने वाली दो पारंपरिक प्रकार की धात्विक तारों के नाम और संक्षिप्त विवरण दीजिए। **3**

42. (i) किशोरों को उचित यौन शिक्षा की आवश्यकता क्यों है और माता-पिता इस शिक्षा को प्रदान करने में क्या भूमिका निभा सकते हैं ? **5**

**अथवा**

(ii) किशोरों की सोच की विशिष्ट विशेषताएँ बताइए जो उनकी सोच को बचपन की सोच से अलग करती हैं।

43. (i) उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत परिभाषित छह उपभोक्ता अधिकारों को सूचीबद्ध कीजिए। किसी एक का विस्तार से वर्णन कीजिए। **5**

**अथवा**

(ii) बाज़ार में उपभोक्ताओं के सामने आने वाली कोई पाँच सामान्य समस्याएँ सूचीबद्ध कीजिए। इनमें से किन्हीं दो समस्याओं के लिए प्रभावी समाधान सुझाइए।

- o O o -